मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-114
02/04/2022

मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो रेल निर्माण कार्य की प्रगति का स्थल निरीक्षण कर लिया जायजा, अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिये निर्देश

पटना, 02 अप्रैल 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना मेट्रो रेलवे कॉरपोरेशन द्वारा निर्माण किये जा रहे पटना मेट्रो रेल के निर्माण कार्य की प्रगति का स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मलाही पकड़ी से पहाड़ी तक पटना मेट्रो रेल निर्माण कार्य को देखा और अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने पटना मेट्रो के विभिन्न एलाइनमेंट की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर एवं मेट्रो रेल के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को पहाड़ी पर रेखाचित्र के माध्यम से निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। पटना मेट्रो रेल एलाइनमेंट कॉरिडोर 1 एवं कॉरिडोर 2 के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।

स्थल निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेट्रो रेल के निर्माण कार्य में तेजी लायें ताकि यह प्रोजेक्ट समय पर पूरा हो और लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि एलिवेटेड वर्क को आज दिखाया गया है। अंडरग्राउण्ड वर्क का कार्य भी जल्द शुरू करें। जब कार्य की शुरूआत होगी तो हम आकर इसका निरीक्षण करेंगे।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस सिद्धार्थ, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, नगर आयुक्त श्री अनिमेश परासर, दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अधिकारीगण सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******